संविदा पर आधारित शिक्षकों की योग्यता एवं सामान्य निर्देश

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर में निम्नलिखित पदों के लिए पूर्णत: अंशकालीन संविदा पर आधारित शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संभावित रिक्तियों के लिए तथा सामान्य नियुक्ति हेतु पैनल बनाया जाना है | 18 से 65 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी कक्षा 10वीं की अंकसूची, आवश्यक योग्यतानुसार मूल प्रमाण-पत्र, उनकी स्व प्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर निम्नांकित पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं | पदों का विवरण निम्नानुसार हैं –

क्र.सं	पद का नाम	आवश्यक योग्यता	वांछनीय योग्यता
1.	स्नातकोत्तर शिक्षक (PGTs)– अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं संगणक विज्ञान (वाणिज्य को छोड़कर)	सम्बंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातकोत्तर एवं बी.एड. तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता |	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
2.	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGTs)– अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान	सम्बंधित विषय में मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक, बी.एड. तथा केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET, Level-2) उत्तीर्ण | हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता |	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
3.	प्राथमिक शिक्षक (PRTs)	हायर सेकेण्डरी/इंटरमीडिएट या समकक्ष न्यूनतम 50% अंको के साथ, डी.एड./डी.एल.एड./बी.टी.सी./जे.बी.टी. तथा केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET, Level-1) उत्तीर्ण | हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता |	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
4.	प्राथमिक शिक्षक – संगीत (PRT-Music)	हायरसेकेण्डरी/इंटरमीडियट या समकक्ष न्यूनतम 50% अंकों के साथ तथा संगीत में स्नातक उपाधि या समकक्ष विशिष्टता(specialization) प्रमाण के साथ।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
5.	स्टाफ नर्स (Staff Nurse)	सम्बंधित विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से डिग्री/डिप्लोमा व पूर्ण ज्ञान एवं अनुभव |	प्राथमिक चिकित्सा /आपातकालीन उपचार एवं बेसिक लाईफ स्पोर्ट का व्यवहारिक ज्ञान
6.	संगणक अनुदेशक (Computer Instructor)	बी.ई./बी.टेक./बी.एस.सी./एम.एस.सी (संगणक विज्ञान/एम.एस.सी.(आई.टी.)/ बी.सी.ए./एम.सी.ए. अथवा स्नातक (विज्ञान)/स्नातकोत्तर किसी भी विषय में एवं पी.जी.डी.सी.ए./DOEACC से 'A' or 'O' level तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन में प्रवीणता |	--

7.	विशेष शिक्षक (Special Educator)	Qualification as per Rehabilition Council of India (RCI)	विशेष शिक्षक उन छात्रों के साथ काम करेगा जो सीखने, मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। वे ऐसे छात्रों को बुनियादी कौशल सिखाएंगे जो उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को सुचारू रूप से करने में उनकी मदद करते हैं।
8.	खेल प्रशिक्षक सह योग (Sports Coach cum Yoga)	संबंधित खेल में एन.आई.एस. डिप्लोमा या समकक्ष/ शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि या समकक्ष एवं संबंधित खेल में विशिष्टता(specialization) डिप्लोमा अथवा प्रमाण-पत्र के साथ योग-शिक्षण में डिप्लोमा अथवा उपाधि अनिवार्य। हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में प्रशिक्षण की प्रवीणता।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
9.	बाल वाटिका शिक्षक (Balvatika Teacher)	**(i) Senior Secondary class (Class XII or its equivalent) from a recognized board with at least 50% marks & (ii) Diploma in Nursery Teacher Education/pre-school education/early childhood education programme (D.E.C.Ed.) of duration of not less than two years or B.Ed. (Nursery) from NCTE recognized Institution**	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
10.	कला शिक्षक (Art Teacher)	**Diploma in Art & Craft/ B.F.A. (Painting skill is must) from a recognized university.**	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
11.	परामर्शक (Counseller)	**B.A./B.Sc. (Psychology) with certificate of diploma in counselling.**	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान

नोट: - अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक बिंदु –

1. परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि आवश्यक अर्हता-धारित हों | अपात्र/अयोग्य अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा |
2. प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) एवं प्राथमिक शिक्षक (PRT) पदों हेतु केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) अनिवार्य |
3. किसी पद पर ज्यादा अभ्यर्थी होने की स्थिति में उनकी लिखित परीक्षा ली जाएगी तथा चयनित वरीयता सूची के अनुसार ही उनको साक्षात्कार के लिए शामिल किया जाएगा |
4. आवश्यकता पड़ने पर ही सूचीबद्ध पैनल के अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा |
5. साक्षात्कार/परीक्षा हेतु आने जाने का व्यय उम्मीदवार को स्वयं वहन करना होगा |
6. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना चालू सम्पर्क दूरभाष नं. तथा ई-मेल आई.डी. अवश्य लिखें | साक्षात्कार/परीक्षा की तिथि की जानकारी प्राप्त करना स्वयं अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है | इसमें विद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी |
7. अभ्यर्थी साक्षात्कार/परीक्षा की तिथि एवं अन्य अद्यतन(Update) जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट https://jalore.kvs.ac.in/ का अवलोकन करते रहें |
8. बनाये गए पैनल को कभी भी रद्द किया जा सकता है और नये पैनल बनाने की प्रक्रिया की जा सकती है |
9. केन्द्रीय विद्यालय में अनुबंध पर कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी |
10. पात्रता के लिए नियम व शर्ते केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली के अनुसार मान्य होगी |
11. किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विद्यालय के दूरभाष नंबर 02973 – 294010 पर प्रात: 11:30 से 02:00 के अन्तराल में ही सम्पर्क कर सकते है |

प्राचार्य/ Principal
के.वि. जालोर/ K.V. Jalore

(विनोद भारतीय)
प्राचार्य